(स) विशेष – यदि कम से कम कुल संख्या (कुल सदस्यों की संख्या का) के 2/3 सदस्यों द्वारा लिखित रूप से बैठक बुलाने हेतु आवेदन करें तो उनके दर्शाये विषय पर विचार करने के लिये साधारण सभा की बैठक बुलायी जावेगी. विशेष संकल्प पारित हो जाने पर संकल्प की प्रति बैठक पंजीयक का संकल्प पारित हो जाने के दिनांक से 45 दिन के भीतर भेजा जावेगा. पंजीयक को इस संबंध में आवश्यक निर्देश जारी करने तथा समिति को परामर्श देने का अधिकार होगा.

11. **साधारण सभा के अधिकार व कर्तव्य** :– (क) संस्था के पिछले वर्ष का वार्षिक विवरण प्रगति प्रतिवेदन स्वीकृत करना. (ख) संस्था की स्थाई निधि व संपत्ति की ठीक व्यवस्था करना (ग) आगामी वर्ष के लिये लेखा परीक्षकों की नियुक्ति करना. (घ) अन्य ऐसे विषयों पर विचार करना जो प्रबन्धकारिणी द्वारा प्रस्तुत हों. (च) संस्था द्वारा संचालित संस्थाओं के आय–व्यय पत्रकों को स्वीकृत करना. (छ) बजट का अनुमोदन करना.

12. **प्रबन्धकारिणी का गठन** :– ट्रस्टीज यदि कोई हो समिति के पदेन समिति के पदेन सदस्य रहेंगे, नियम 5 (अ,ब,स) में दर्शाये गये सदस्यों जिनके नाम पंजी रजिस्टर में दर्ज हों बैठक में बहुमत के आधार पर निम्नांकित पदाधिकारियों तथा प्रबन्धकारिणी समिति के सदस्यों का निर्वाचन होगा.

(1) अध्यक्ष, (2) उपाध्यक्ष, (3) सचिव, (4) कोषाध्यक्ष, (5) संयुक्त सचिव एवं सदस्य 2

13. **प्रबन्ध समिति का कार्यकाल** :– प्रबंध समिति का कार्यकाल तीन वर्ष होगा. समिति का यथेष्टा कारण होने पर उस समय तक जब तक कि नई प्रबंधकारिणी समिति का निर्माण नियमानुसार या अन्य कारणों से नहीं हो जाता, करती रहेगी, किन्तु उक्त अवधि 6 माह से अधिक नहीं होगी जिसका अनुमोदन साधारण सभा से कराना अनिवार्य होगा.

14. **प्रबन्धकारिणी के अधिकार व कर्तव्य** :–

(अ) जिन उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु समिति का गठन हुआ है उसकी पूर्ति करना और इस आशय की पूर्ति हेतु व्यवस्था करना.

(ब) पिछले वर्ष का आय – व्यय का लेखा पूर्णतः परीक्षित किया हुआ प्रगति प्रतिवेदन के साथ प्रतिवर्ष साधारण सभा की बैठक में प्रस्तुत करना.

(स) समिति एवं उसके अधीन संचालित संस्थाओं के कर्मचारियों के वेतन तथा भत्ते आदि का भुगतान करना संस्था की चल–अचल सम्पत्ति पर लगने वाले कर आदि का भुगतान करना.

(द) कर्मचारियों, शिक्षकों आदि की नियुक्ति करना.

(इ) अन्य आवश्यक कार्य करना, जो साधारण सभा द्वारा समय–समय पर सौंपे जाए.

(च) संस्था की समस्त चल–अचल सम्पत्ति, कार्यकारिणी समिति के नाम से रहेगी

(छ) संस्था द्वारा कोई भी स्थावर सम्पत्ति, रजिस्ट्रार की लिखित अनुज्ञा के बिना विक्रय द्वारा या अन्यथा अर्जित या आन्तरित नहीं की जाएगी.

(ज) विशेष बैठक आमंत्रित कर संस्था के विधान में संशोधन किये जाने के प्रस्ताव पर विचार–विमर्श कर साधारण सभा की विशेष बैठक में उसकी स्वीकृति हेतु प्रस्तुत करेगी. साधारण सभा में कुल सदस्यों 2/3 मत से संशोधित पारित होने पर उक्त प्रस्ताव पारित कर पंजीयक को अनुमोदन हेतु भेजा जावेगा.

15. **अध्यक्ष के अधिकार** :– अध्यक्ष साधारण सभा तथा प्रबन्धकारिणी समिति की समस्त बैठकों की अध्यक्षता करेगा तथा मंत्री द्वारा साधारण सभा में प्रबन्धकारिणी की बैठकों का आयोजन करवायेगा. अध्यक्ष का मत विचारार्थ विषयों में निर्णयात्मक होगा.

16. **उपाध्यक्ष के अधिकार** :– अध्यक्ष की अनुपस्थित में उपाध्यक्ष द्वारा साधारण सभा एवं प्रबन्धकारिणी की, समस्त बैठकों की अध्यक्षता करेगा. अध्यक्ष के समस्त अधिकारों का उपयोग करेगा.

17. **सचिव (मंत्री) के अधिकार** :– (1) साधारण सभा एवं प्रबंन्धकारिणी की बैठक समय–समय पर बुलाना और समस्त आवेदन–पत्र तथा सुझाव जो प्राप्त हों प्रस्तुत करना.

(2) समिति का आय :– व्यय का लेखा परीक्षण से प्रतिवेदन तैयार करके साधारण सभा के सम्मुख प्रस्तुत करना.

(3) समिति के सारे कागजातों को तैयार करना तथा करवाना. उनका निरीक्षण करना व नियमितता पाये जाने पर उसकी सूचना प्रबंधकारिणी को देना.

(4) सचिव को किसी कार्य के लिए एक समय में रूपये 1000/–रू. आहरण करने का अधिकार होगा.

18. **कोषालय के अधिकार** :– समिति की धनराशि का पूर्ण हिसाब रखना तथा सचिव या कार्यकारिणी द्वारा स्वीकृति व्यय करना.

19. **बैंक खाता** :– संस्था की समस्त निधि किसी अनुसूचित बैंक या पोस्ट आफिस में रहेगी. धन का आहरण अध्यक्ष या मंत्री तथा कोषाध्यक्ष के संयुक्त हस्ताक्षरों से होगा. दैनिक व्यय हेतु कोषाध्यक्ष के पास अधिकतम रूपये 1000/– रू. रहेंगे.

20. **पंजीयक को भेजी जाने वाली जानकारी** :– अधिनियम की धारा 27 के अन्तर्गत संस्था की वार्षिक आम सभा होने के दिनांक से 15 दिन के भीतर निर्धारित प्रारूप पर कार्यकारिणी समिति की सूची फाइल की जावेगी तथा धारा 17 म.प्र.लो.न्या.अधि. 1951 के अन्तर्गत संस्था की परीक्षित लेखा भेजेगी.

21. **संशोधन** :– संस्था के विधान में संशोधन साधारण सभा की बैठक में कुल सदस्यों के 2/3 मतों से पारित होगा. यदि आवश्यक हुआ तो संस्था के हित में उसके पंजीकृत विधान में संशोधन करने के अधिकार पंजीयक फर्म एवं संस्थाएं को होगा जो प्रत्येक सदस्य को मान्य होगा.

22. **विघटन** :– संस्था का विघटन साधारण सभा में कुल सदस्यों के 3/5 मत से पारित किया जावेगा. विघटन के पश्चात् संस्था की चल तथा अचल सम्पत्ति किसी समान उद्देश्यों वाली संस्था को सौंप दी जावेगी. उक्त समस्त कार्यवाही अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार की जावेगी.

23. **सम्पत्ति** :– संस्था की समस्त चल तथा अचल सम्पत्ति संस्था के नाम से रहेगी. संस्था की अचल सम्पत्ति (स्थावर) रजिस्ट्रार फर्म्स एवं संस्थाएं की लिखित अनुज्ञा के बिना विक्रय द्वारा, दान द्वारा या अन्यथा प्रकार से अर्जित या अन्तरित नहीं की जा सकेगी.

24. **बैंक खाता** :– संस्था की समस्त निधि किसी अनुसूचित बैंक या पोस्ट आफिस में खोला जावेगा एवं समय–समय पर धन जमा करने व निकालने की प्रक्रिया जारी रहेगी.

25. **पंजीयक द्वारा बैठक बुलाना** :– संस्था की पंजीयत नियमावली के अनुसार पदाधिकारियों द्वारा वार्षिक बैठक न बुलाए जाने पर या अन्य प्रकार से आवश्यक होने पर पंजीयक, फर्म्स एवं संस्थाएं की बैठक बुलाने का अधिकार होगा. साथ ही यह बैठक में विचारार्थ विषय निश्चित कर सकेगा.

26. **विवाद** :– संस्था में किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न होने पर अध्यक्ष को साधारण सभा के अनुमति से सुलझाने का अधिकार होगा. यदि इस निश्चित या निर्णय से पक्षों को सन्तोष न हो तो वह रजिस्ट्रार की ओर विवाद के निर्णय के लिये भेज सकेंगे. रजिस्ट्रार का निर्णय अन्तिम व सर्वमान्य होगा. संचालित सभाओं के विवाद अथवा प्रबन्ध समिति के विवाद उत्पन्न होने पर अन्तिम निर्णय देने का अधिकार रजिस्ट्रार को होगा.

ग्राम सभा के प्रस्ताव अनुसार श्री श्री 1008 श्री देव हनुमान जी महाराज मंदिर ग्राम नानकपुर का नवीन समिति का गठन किया जाना है, अतः उक्त संबंध में जिस किसी को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 14 सितम्बर 2021 को उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं. म्याद गुजरने पर प्रस्तुत आपत्ति पर किसी भी प्रकार से कोई विचार नहीं किया जावेगा.

इश्तहार आज दिनांक 18 अगस्त 2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया.

**शशि मिश्रा**, अनुविभागीय अधिकारी.

(G-560)

## न्यायालय पंजीयक, सार्वजनिक लोक न्यास, जिला बुरहानपुर, मध्यप्रदेश

प्र.क्र. बी–113–2021–22.

जारी दिनांक 09 सितम्बर, 2021

(नियम पाँच–1 देखिये)

(मध्यप्रदेश सार्वजनिक लोक न्यास अधिनियम, 1951 की धारा 4 के अन्तर्गत)

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लोक न्यास के पंजीयक बुरहानपुर, जिला बुरहानपुर के समक्ष बादलखोरा मंदिर सुरक्षा एवं गौ सेवा समिति ट्रस्ट ग्राम बादलखोरा, तहसील बुरहानपुर व जिला बुरहानपुर द्वारा सचिव कनीराम पिता नारायण निवासी बादलखोरा, तहसील बुरहानपुर एवं जिला बुरहानपुर, का लोक न्यास अधिनियम, 1951 की धारा 4 के अन्तर्गत अनुसूची में विर्निदिष्ट सम्पत्ति के लिये " लोक न्यास " के रूप में पंजीकृत किये जाने के लिये आवेदन किया. एतद्द्वारा सूचना–पत्र दिया जाता है कि कथित आवेदन–पत्र दिनांक 18 अगस्त, 2021 को मेरे न्यायालय में विचार में लिया गया है.

किसी आपत्ति या सुझाव को करने का आशय रखते हुए कथित न्यास या सम्पत्ति में हितबद्ध कोई व्यक्ति को इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से एक माह के भीतर दो प्रतियों में लिखित कथन प्रस्तुत करना चाहिये और मेरे समक्ष उपरोक्त तारीख पर या तो व्यक्तिशः अथवा प्लीडर या अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होना चाहिये. उपरोक्त अवधि के अवसान के उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर विचार में नहीं लिया जावेगा.

### अनुसूची

(लोक न्यास का नाम और पता व संपत्ति का विवरण)

1. बादलखोरा मंदिर सुरक्षा एवं गौ सेवा समिति ट्रस्ट ग्राम बादलखोरा, तहसील बुरहानपुर व जिला बुरहानपुर
2. वर्किंग ट्रस्टी सचिव कनीराम पिता नारायण निवासी बादलखोरा तह. बुरहानपुर तहसील व जिला बुरहानपुर
3. चल सम्पत्ति : निरंक.
4. अचल सम्पत्ति : निरंक.

के. आर. वडोले, पंजीयक.

(G-561)

## न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी एवं पंजीयक, सार्वजनिक न्यास, खण्डवा, जिला खण्डवा, मध्यप्रदेश

प्र.क्र. 0004–बी–113(1)–2021–22. खण्डवा, दिनांक 07 सितम्बर 2021 को जारी

प्रारूप–चार

[मध्यप्रदेश सार्वजनिक न्यास अधिनियम, 1951 की धारा 5 (2) एवं मध्यप्रदेश सार्वजनिक न्यास नियम 1962, के नियम 5 (1) के अंतर्गत]

जैसाकि श्री लक्ष्मीनारायण पिता भाईराम चौधरी, निवासी खण्डवा ने अनुसूची में दर्शित न्यास/सम्पत्ति को सार्वजनिक न्यास के रूप में पंजीयन करने हेतु मध्यप्रदेश सार्वजनिक न्यास अधिनियम, 1951 की धारा 4 के अन्तर्गत एक आवेदन–पत्र प्रस्तुत किया है. एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उक्त आवेदन–पत्र पर मेरे द्वारा न्यायालय में दिनांक 06 अक्टूबर 2021 को विचार किया जायेगा.

2. उक्त ट्रस्ट के कार्य अथवा सम्पत्ति से कोई व्यक्ति यदि हित रखता हो और कोई आपत्ति या सुझाव देना चाहता हो, तो वह इस विज्ञप्ति के प्रकाशन होने के एक माह के भीतर लिखित विवरण दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकता है और वह स्वयं अथवा अधिवक्ता/अभिकर्ता के माध्यम से मेरे समक्ष उपस्थित हो सकता है. समयावधि के समाप्ति के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेगा.

### अनुसूची

| | | |
|---|---|---|
| सार्वजनिक न्यास का नाम एवं पता | : | भगवान देवनारायण गुर्जर समाज मांगलिक भवन न्यास ग्राम सिरपुर तहसील व जिला खण्डवा. |
| चल सम्पत्ति | : | 8 लाख नगदी (शब्दों में आठ लाख रूपये) |
| अचल सम्पत्ति | : | निरक. |

ममता खेड़े, अनुविभागीय अधिकारी एवं पंजीयक.

(G-562)

## कार्यालय, रजिस्ट्रार, पब्लिक ट्रस्ट एवं अनुविभागीय अधिकारी, उपखण्ड–जावरा, जिला रतलाम, मध्यप्रदेश

जावरा, दिनांक 16 अगस्त 2021

### फार्म 4

[नियम 5 (1) देखिये]

**[मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट एक्ट अधिनियम, 1951 की धारा 5 (2) के तहत]**

क्र. 3030–रीडर–1–21.–आवेदक हिरालाल कुमावात पिता तुलसीराम, निवासी ग्राम मावता, तहसील पिपलौदा द्वारा धारा 4 (2) मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट, 1951 के अन्तर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जिसकी सुनवाई दिनांक 15 सितम्बर 2021 को उपखण्ड कार्यालय जावरा पर दोप. 02.30 बजे की जावेगी.

अतः, जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो, तो प्रकरण में नियत दिनांक 15 सितम्बर 2021 को इस न्यायालय में अपना लिखित वक्तव्य की दो प्रतियां प्रस्तुत करें और स्वयं या अपने अधिवक्ता के द्वारा नियत समय पर उपस्थित होंवे. निर्धारित समय समाप्त होने पर प्रस्तुत की जाने वाली आपत्ति पर किसी प्रकार का कोई विचार नहीं किया जावेगा.

(पब्लिक ट्रस्ट का नाम, पता तथा संपत्ति का विवरण)

1. न्यास का पूरा नाम : कुमावत समाज
2. चल सम्पत्ति का विवरण : 3,000/– (रुपये नगद)
3. अचल सम्पत्ति का विवरण :
   (1) ग्राम पंचायत मावता में सम्पत्ती पंजी में क्रमांक 382, भू–खण्ड कुल क्षेत्रफल 486 वर्गफीट रजिस्ट्री ई पंजीयन l &; kMP319532017A1709329
   (2) भू–खण्ड–2 रजिस्ट्री पंजीयन क्रमांक P319532017A1709158 पंचायत सम्पत्ति पंजी क्रमांक 383 कुल 243 वर्गफीट
   (3) भू–खण्ड–3 रजिस्ट्री पंजीयन क्रमांक MP319532016A1662041 ग्राम पंचायत भूखण्ड अनुक्रमांक 370 भूखण्ड कुल क्षेत्रफल 6950 वर्गफीट तीनों सम्पत्ति का रजिस्ट्री के समय कुल मूल्य रूपए 54,180/–27,084/–80,000/– कुल मूल्य 1,61,264/– रूपए

**हिमांशु प्रजापति,** अनुविभागीय अधिकारी.

(G-564)

---

## न्यायालय, पंजीयक, लोक न्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी, अनुभाग–सिहोरा, जबलपुर

### प्रारूप 4

[नियम 5 (1) देखिये]

**[मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 की धारा 5 (2) एवं मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1962 के नियम 5 (1) के अंतर्गत]**

रा.प्र.क्र. 0003–ब–113–21–22.–आवेदन ट्रस्ट जियोमिन इन्ड्रस्टीज प्राईवेट लिमिटेड एम्पलाई ग्रेच्युटी ट्रस्ट, सिहोरा खसरा नं. 547/1547/2, 550/1, 551 एवं 552 खिन्नी रोड़, धरमपुर, तहसील सिहोरा, जिला जबलपुर के द्वारा संदीप दास गुप्ता पिता श्री समरेन्द्र दास गुप्ता, के द्वारा न्यास पंजीयन हेतु मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 के नियम 4 के अधीन नीचे अनुसूची में दर्शायी गई संपत्ति लोक न्यास की तरह विनिर्दिष्ट कर पंजीयन हेतु आवेदन–पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसमें न्यासियों का नाम, पता तथा निधारित पद निम्नानुसार है :–

| क्र. (1) | नाम/पिता नाम (2) | पता (3) | पद (4) |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री संदीप दास गुप्ता पिता श्री समरेन्द्र दास गुप्ता | 85,बी जानकी नगर, बल्देवबाग, जबलपुर म.प्र. | न्यासी |
| 2. | श्री चरनदीप सिंह होरा पिता श्री सरबजीत सिंह होरा | 428, प्रेम नगर, मदन महल जबलपुर म.प्र. | न्यासी |
| 3. | श्री अमित ठाकुर पिता श्री भगवानदास ठाकुर | 644, पार्वती नगर, महाराजपुर, जबलपुर म.प्र. | न्यासी |

अतः एतद्द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उक्त आवेदन पर संधारित प्रकरण मेरे न्यायालय में पेशी दिनांक 22 सितम्बर 2021 को विचार के लिए नियत है, कोई भी व्यक्ति/संस्था उक्त न्यास या संपत्ति में हित रखता हो और उसके बारे में

कोई आपत्ति प्रस्तुत करने या सुझाव देने का विचार रखता हो उसे इस सूचना के प्रकाशन दिनांक से एक माह के भीतर दो प्रतियों में लिखित कथन/दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है, अथवा उक्त नियत दिनांक को न्यायालय में मेरे समक्ष स्वयं या अपने अभिभाषक या अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत करे, उपरोक्त अवधि की समाप्ति के पश्चात् प्राप्त आपत्तियां/दावों/सुझावों पर कोई विचार के लिए ग्राहय नहीं किया जावेगा.

## अनुसूची

(लोक न्यास की सम्पत्ति का विवरण एवं लोक न्यास का नाम और पता)

| | | |
|---|---|---|
| 1. लोक न्यास का नाम एवं पता | : | जियोमिन इन्ड्रस्टीज प्राईवेट लिमिटेड एम्पलाई ग्रेच्युटी ट्रस्ट खसरा नं. 547/1,547/2, 550/1, 551 एवं 552 खिन्नी रोड, धरमपुर, तहसील सिहोरा, जिला जबलपुर |
| 2. न्यास की आय का साधन | : | कंपनी एवं फंड पर ब्याज द्वारा |
| 3. चल सम्पत्ति | : | निरंक |

जारी दिनांक 03 सितम्बर 2021.

**आशीष पाण्डें,** अनुविभागीय अधिकारी (रा.).

(G-565)

## न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं पंजीयक, लोक न्यास, अलीराजपुर, जिला अलीराजपुर, मध्यप्रदेश

अलीराजपुर दिनांक 24 दिसम्बर 2020

**प्रारूप–पांच**

[नियम 5 (1) देखिये]

[ मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 (1951 का 30) की धारा 5 की उपधारा (2) और मध्यप्रदेश लोक न्यास नियम, 1962 का नियम 5(1) देखिये ].

पंजीयक,

लोक न्यास अलीराजपुर

जिला अजीराजपुर के **समक्ष**

श्री सुदामा पिता मोतीलाल भाटोद्रा आदि–14 निवासीगण अलीराजपुर, तहसील अलीराजपुर, जिला अलीराजपुर ने मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 (1951 का 30) की धारा–5 के अधीन अनुसूची में लोक न्यास की तरह विनिर्दिष्ट की गई सम्पत्ति के पंजीयन के लिए आवेदन किया है.

एतद्द्वारा यह सूचना दी जाती है कि आवेदन मेरे न्यायालय में दिनांक 01 फरवरी 2021 को विचार के लिए लिया जावेगा.

कोई व्यक्ति जो उक्त न्यास या सम्पति में हित रखता हो और उसके बारे में आपत्तियाँ करने या सुझाव देने का विचार रखता हो उसे इस सूचना का लोक न्यास है और इसका गठन करती है.

अतः मैं लक्ष्मी गामड़, पंजीयक लोक न्यास अलीराजपुर, जिला अलीराजपुर का लोक न्यासों का पंजीयक, न्यायालय में दिनांक 01 फरवरी 2021 को उक्त अधिनियम की धारा–5 की उपधारा (1) के द्वारा यथाअपेक्षित जांच करना प्रस्तावित करती हूँ.

अतः एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उक्त न्यास या सम्पत्ति का कोई न्यासधारी या कार्यकारी न्यासधारी या उसमें हित रखने वाले और किसी आपत्ति का सुझाव प्रस्तुत करने का विचार रखने वाले व्यक्ति को इस सूचना के प्रकाशन के दिनांक से एक मास के भीतर दो प्रतियों में लिखित कथन प्रस्तुत करना और कोर्ट में मेरे समक्ष उपरोक्त दिनांक को या तो व्यक्तिशः या अभिभाषक या अभिकर्ता के द्वारा उपस्थित होना चाहिए.

उपरोक्त अवधि की समाप्ति के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों को विचार के लिए ग्रहण नहीं किया जाएगा.

## अनुसूची

| | | |
|---|---|---|
| 1. लोक न्यास का नाम एवं पता | : | देववंशीय मालवीय लौहार समाज पब्लिक चेरेटेबल ट्रस्ट जानकी मंदिर अलीराजपुर, तहसील एवं जिला अलीराजपुर. |

2. सम्पत्ति का विवरण :
(अ) चल सम्पत्ति :
(ब) अचल सम्पत्ति :
न्यास की चल सम्पत्ति का विवरण :

| विवरण | : अनुमानित लागत |
|---|---|
| 1. संगमरमर की मुर्ति रामजी भगवान की | 70,000/- |
| 2. संगमरमर की मुर्ति लक्ष्मणजी भगवान की | |
| 3. संगमरमर की मुर्ति जानकी माताजी की | |
| 4. संगमरमर की मुर्ति बजरंगबली भगवान की | |
| 5. पीतल की घण्टी | |
| 6. पीतल की कुण्डी | |
| 7. पीतल की मुर्ति बालमुकुन्द जी की | |
| 8. पीतल की आरती उतारने की थाली | |
| 9. लकडी का पाटला | |
| 10. पीतल की थाली | |
| 11. आचमनि | |

न्यास की अचल सम्पत्ति का विवरण :

| विवरण | : अनुमानित लागत |
|---|---|
| 1. जानकी मंदिर का क्षतिग्रस्त परिसर जिसकी लम्बाई 104 फिट, चौड़ाई 31 फिट 04 इंच है मंदिर परिसर कि चर्तुसीमा :- पूर्व में - लुणकरण वाणी का मकान पश्चिम में - देवदास माली का मकान उत्तर में - विश्वकर्मा मार्ग दक्षिण में - चन्द्रशेखर आजाद मार्ग मंदिर के उपर टिन शेड लगा हुआ है एवं मंदिर क्षतिग्रस्त है कोई गर्भ ग्रह नहीं है. | 55,62,000/- |

लक्ष्मी गामड़, पंजीयक.

(G-566)

---

## कार्यालय, रजिस्ट्रार, पब्लिक ट्रस्ट एवं अनुविभागीय अधिकारी, उपखण्ड-जावरा, जिला रतलाम, मध्यप्रदेश

जावरा, दिनांक 13 अगस्त 2021

### फार्म 4

[नियम 5 (1) देखिये]

**[मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट एक्ट अधिनियम, 1951 की धारा 5 (2) के तहत]**

क्र. 3032-रीडर-1-21.-आवेदक प्रदीप चौधरी पिता लालचन्द चौधरी, निवासी आजाद चौक, जावरा द्वारा धारा 4 (2) मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट, 1951 के अन्तर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जिसकी सुनवाई दिनांक 15 सितम्बर 2021 को उपखण्ड कार्यालय जावरा पर दोप. 02.30 बजे की जावेगी.

अतः, जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो, तो प्रकरण में नियत दिनांक 15 सितम्बर 2021 को इस न्यायालय में अपना लिखित वक्तव्य की दो प्रतियां प्रस्तुत करें और स्वयं या अपने अधिवक्ता के द्वारा नियत समय पर उपस्थित होंवे. निर्धारित समय समाप्त होने पर प्रस्तुत की जाने वाली आपत्ति पर किसी प्रकार का कोई विचार नहीं किया जावेगा.

पब्लिक ट्रस्ट का नाम, पता तथा संपत्ति का विवरण

1. न्यास का पूरा नाम : श्री जैन श्वेतांबर खरतरगच्छ धार्मिक एवं पारमार्थिक

2. चल सम्पत्ति का विवरण :

(1) नगर राशि रूपये 1,87,000/–

(2) चांदी के सिंहासन, छत्र, चवर, आंगी जो आराधना स्थल पर स्थापित है अनुमानित मूल्य 75,000/–

(3) चांदी के उपासना के अन्य उपकरण अनुमानित मूल्य 25,000/–

(4) सोने की चेन नग 02 अनुमानित वजन 10 ग्राम अनुमानित मूल्य 40,000/–

3. अचल सम्पत्ति का विवरण :

(1) डॉ. काटजू मार्ग पिपली बाजार जावरा स्थित भवन क्रमांक 160 में स्थित जैन श्वेतांबर मन्दिर व उपाश्रय परिसर में स्थित श्री जैन श्वेतांबर खरतरगच्छ श्रीसंघ जावरा की दादावाड़ी (गुरू मंदिर), उपाश्रय, इससे लगत सभागार व कमरे तथा इसके मार्ग व परिसर में आवागमन, जल निकास आदि के सुखाधिकार सहित.

(2) फुटी बावड़ी शुक्रवारिया जावरा स्थित भवन नगरपालिका क्रमांक 11 जिसमें श्री आदिनाथ जिनालय व परिसर बना होकर इसे छोटा मंदिर के नाम से भी जाना जाता है.

(3) जवाहर पेठ जावरा स्थित भवन नगरपालिका क्रमांक 05 पुराना क्रमांक 1899 का भाग जिसमें श्री धर्मनाथ जिनालय व परिसर बना होकर इसके नव निर्माण का कार्य प्रगति पर है.

(4) भूमि सर्वे क्रमांक 749 क्षेत्रफल 0.316 हेक्टर स्थित जावरा अबु सईद हिन्दु छीपा पुरा जिस पर प.पू.श्री. चितानंदजी मसा. की समाधि मंदिर बना हुआ होकर राजस्व अभिलेख में उनके शिष्य मंदिर श्री सीताराम जी महाराज के नाम पर दर्ज होकर इसका प्रबंध विस्मृत समय से श्री जैन श्वेतांबर खरतरगच्छ श्रीसंघ जावरा द्वारा किया जा रहा है और भूमि उसी के आधिपत्य में है.

(5) खां साहब की गली जावरा स्थित भवन नया क्रमांक 04 जिसे विचक्षण जैन भवन के नाम से जाना जाता है.

अतः आप गजट प्रकाशन करवाकर एक प्रति कार्यालय में दिनांक 15 सितम्बर 2021 के पूर्व भिजवाने का कष्ट करें. ताकि प्रकरण में आगामी कार्यवाही की जा सके.

हिमांशु प्रजापति, अनुविभागीय अधिकारी.

(G-567)

---

# अन्य सूचनाएं

## कार्यालय, उप पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला खरगोन

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा 18 (1) के अंतर्गत]

खरगोन, दिनांक 15 सितम्बर 2021

क्र.–परिसमापन–2021–849.– इस कार्यालय के आदेश क्रमांक 1059 दिनांक 27 अगस्त 2016 के द्वारा कल्याणकारी महिला बहु. सहकारी संस्था मर्या. खरगोन तहसील खरगोन, जिला खरगोन जिसका पंजीयन क्रमांक 1568 दिनांक 27 अप्रैल 2009 है, जिसको मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 69 के अंतर्गत परिसमापन में लाया जाकर धारा 70 के अंतर्गत श्री राजेन्द्र महाजन, सहकारी निरीक्षक को संस्था का परिसमापक नियुक्त किया गया था.

परिसमापक द्वारा समिति के परिपालन की सम्पूर्ण कार्यवाही सम्पन्न करके पंजीयन निरस्त हेतु अंतिम प्रतिवेदन तथा प्रस्तुत समस्त दस्तावेजों का परीक्षण श्री महेन्द्र ठाकुर सहकारी निरीक्षक कक्ष प्रभारी से विगत वर्षो के अंकेक्षण टीपों के आधार पर कराया गया जिसमें यह पाया गया कि संस्था पंजीयन दिनांक से ही अकार्यशील रही है. अंतिम प्रतिवेदन निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत किया गया है, जिसके साथ साधारण सभा की कार्यवाही विवरण, अंकेक्षित निरंक स्थिति विवरण–पत्रक प्रस्तुत कर संस्था के पंजीयन निरस्त करने की अनुशंसा की गई है.

परिसमापक की उक्त कार्यवाही से मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूं कि संस्था का पंजीयन निरस्त किया जाना उचित है.

अतः मैं, विनोद कुमार सिंह, उप रजिस्ट्रार, सहकारी संस्थाएं, जिला खरगोन, मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा 18(1) के अंतर्गत रजिस्ट्रार को प्रदत्त शक्तियां जो मुझे मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग भोपाल की अधिसूचना क्रमांक एफ 5–1–99–पन्द्रह–1–सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 के द्वारा प्रदत्त है का प्रयोग करते हुए, कल्याणकारी महिला बहु. सहकारी संस्था

मर्या., खरगोन तहसील खरगोन का पंजीयन क्रमांक 1568 दिनांक 27 अप्रैल 2009 का रजिस्ट्रीकरण निरस्त करता हूँ एवं उक्त संस्था का निगम निकाय (बॉडी कार्पोरेट) समाप्त करता हूँ.

यह आदेश आज दिनांक 19 अगस्त 2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पद मुद्रा से जारी किया गया है.

(G-563)

---

खरगोन, दिनांक 2,4 अगस्त 2021

संशोधित आदेश

क्र.–परिसमापन–2021–781.– प्रशासनिक कार्यसुविधा की दृष्टि से कालम क्रमांक (02) में वर्णित संस्थाओं के पूर्व प्रसारित आदेशों में आंशिक संशोधन करते हुए कालम क्रमांक (05) के नियुक्त परिसमापकों के स्थान पर कालम क्रमांक (06) अनुसार परिसमापक नियुक्त किया जाता है. नवनियुक्त परिसमापक संस्था की नियमानुसार कार्यवाही पूर्णकर दो माह में संस्था का अंतिम प्रतिवेदन अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करेंगे :–

| क्र. | परिसमापनाधीन सहकारी संस्था का नाम | पंजीयन क्र. / दिनांक | परिसमापन आदेश क्र. / दिनांक | पूर्वनियुक्त किये गये परिसमापक का नाम | वर्तमान में नियुक्त किये गये परिसमापक का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | मातेश्वरी प्राथ.सह. उप. भण्डार मर्या., खरगोन | 1617 / 11–08–2011 | 1059 / 27–08–2016 | श्री राजेन्द्र महाजन स.नि | श्री मनोज शेल्के स.नि |
| 2. | साथिया प्राथ.सह. उप. भण्डार मर्या., खरगोन | 1431 / 14–07–2005 | 1059 / 27–08–2016 | श्री राजेन्द्र महाजन स.नि | श्री मनोज शेल्के स.नि |
| 3. | विद्युत नगर गृह निर्माण सह. संस्था मर्या., खरगोन | 922 / 24–07–2013 | 864 / 24–07–2013 | श्री राजेन्द्र महाजन स.नि | श्री बी.एल. जामरे व.स.नि |
| 4. | मां रेवा उद्वहन सिचांई सह. संस्था डोगरगांव | 1046 / 24–05–1996 | 761 / 18–06–2014 | श्री राजेन्द्र महाजन स.नि | श्री हुकुम यादव उप अंके. |

यह आदेश आज दिनांक 02 अगस्त 2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया है.

विनोद कुमार सिंह, उपं पंजीयक.

(G-563)

---

## कार्यालय, उप पंजीयक, सहकारी संस्थाऐं जिला सीहोर, मध्यप्रदेश

### लुनिया चौराहा, पुरानी जिला पंचायत सीहोर

कारण बताओ सूचना–पत्र

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 69 (3) के अंतर्गत]

सीहोर, दिनांक 01 सितम्बर 2021

क्र.–परिसमापन–2021– मध्यप्रदेश सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा 69 (2) (क) के अनुसार रजिस्ट्रार स्वप्रेरणा से किसी सोसायटी का परिसमापन किये जाने का निर्देश देते हुए आदेश कर सकेगा जहां उस सोसायटी ने अपने रजिस्ट्रीकरण के युक्तियुक्त समय के भीतर कार्य करना प्रारंभ नहीं किया हो अथवा जहां उस सोसायटी ने कार्य करना बंद कर दिया हो.

दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित अहमदपुर तहसील श्यामपुर पंजीयन क्र. 1756 दिनांक 26 फरवरी 2014 इसके लेखा वर्ष 2018–19 के पारित आडिट नोट के अनुसार अकार्यशील है. इस प्रकार दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित, अहमदपुर तहसील श्यामपुर में मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा 69–2(क) में वर्णित स्थिति निर्मित हो गई हैं, इस कारण संस्था को परिसमापन में लाया जाना आवश्यक हो गया है.

अतः मैं, भूपेन्द्र प्रताप सिंह, उप रजिस्ट्रार, सहकारी संस्थाएं, जिला सीहोर, मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा 69(3) के अंतर्गत दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित अहमदपुर, तहसील श्यामपुर को परिसमापन में लाये जाने संबंधी प्रस्तावित आदेश के विरुद्ध कारण दर्शाने का युक्तियुक्त अवसर प्रदान करते हुए दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित अहमदपुर ,तहसील श्यामपुर को 3 सप्ताह का समय प्रदान करता हूं. यह सहकारी संस्था 3 सप्ताह में इस कारण बताओ सूचना–पत्र का सप्रमाण उत्तर प्रस्तुत करें.

निर्धारित समय अवधि में उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में अथवा प्राप्त उत्तर संतोषजनक न पाये जाने की स्थिति में परिसमापन की प्रस्तावित कार्यवाही की जायेगी.

यह कारण बताओ सूचना–पत्र मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से दिनांक 01 सितम्बर 2021 को जारी किया गया.

(G-572)

---

## कारण बताओ सूचना–पत्र

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 69 (3) के अंतर्गत]

क्र.–परिसमापन–2021– मध्यप्रदेश सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 69 (2) (क) के अनुसार रजिस्ट्रार स्वप्रेरणा से किसी सोसायटी का परिसमापन किये जाने का निर्देश देते हुए आदेश कर सकेगा जहां उस सोसायटी ने अपने रजिस्ट्रीकरण के युक्तियुक्त समय के भीतर कार्य करना प्रारंभ नहीं किया हो अथवा जहां उस सोसायटी ने कार्य करना बंद कर दिया हो.

दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित चींच, तहसील नसरूल्लागंज पंजीयन क्र. 1626 दिनांक 27 सितम्बर 2012 इसके लेखा वर्ष 2018–19 के पारित आडिट नोट के अनुसार अकार्यशील है. इस प्रकार दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित चींच, तहसील नसरूल्लागंज में मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा 69–2(क) में वर्णित स्थिति निर्मित हो गई हैं इस कारण संस्था को परिसमापन में लाया जाना आवश्यक हो गया है.

अतः मैं, भूपेन्द्र प्रताप सिंह, उप रजिस्ट्रार, सहकारी संस्थाएं, जिला, सीहोर, मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा 69(3) के अंतर्गत दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित चींच, तहसील नसरूल्लागंज को परिसमापन में लाये जाने संबंधी प्रस्तावित आदेश के विरुद्ध कारण दर्शाने का युक्तियुक्त अवसर प्रदान करते हुए दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित चींच, तहसील नसरूल्लागंज को 3 सप्ताह का समय प्रदान करता हूं. यह सहकारी संस्था 3 सप्ताह में इस कारण बताओ सूचना–पत्र का सप्रमाण उत्तर प्रस्तुत करें.

निर्धारित समय अवधि में उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में अथवा प्राप्त उत्तर संतोषजनक न पाये जाने की स्थिति में परिसमापन की प्रस्तावित कार्यवाही की जायेगी.

यह कारण बताओ सूचना–पत्र मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से दिनांक 01 सितम्बर 2021 को जारी किया गया.

(G-573)

---

## कारण बताओ सूचना–पत्र

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 69 (3) के अंतर्गत]

क्र.–परिसमापन–2021– मध्यप्रदेश सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 69 (2) (क) के अनुसार रजिस्ट्रार स्वप्रेरणा से किसी सोसायटी का परिसमापन किये जाने का निर्देश देते हुए आदेश कर सकेगा जहां उस सोसायटी ने अपने रजिस्ट्रीकरण के युक्तियुक्त समय के भीतर कार्य करना प्रारंभ नहीं किया हो अथवा जहां उस सोसायटी ने कार्य करना बंद कर दिया हो.

दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित मंडी तहसील नसरूल्लागंज पंजीयन क्र. 1665 दिनांक 29 फरवरी 2015, इसके लेखा वर्ष 2018–19 के पारित आडिट नोट के अनुसार अकार्यशील है. इस प्रकार दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित मंडी, तहसील नसरूल्लागंज में मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 69–2(क) में वर्णित स्थिति निर्मित हो गई हैं इस कारण संस्था को परिसमापन में लाया जाना आवश्यक हो गया है.

अतः मैं, भूपेन्द्र प्रताप सिंह, उप रजिस्ट्रार सहकारी संस्थाएं जिला, सीहोर मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 69(3) के अंतर्गत दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित मंडी, तहसील नसरूल्लागंज को परिसमापन में लाये जाने संबंधी प्रस्तावित आदेश के विरुद्ध कारण दर्शाने का युक्तियुक्त अवसर प्रदान करते हुए दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित मंडी तहसील नसरूल्लागंज को 3 सप्ताह का समय प्रदान करता हूं. यह सहकारी संस्था 3 सप्ताह में इस कारण बताओ सूचना–पत्र का सप्रमाण उत्तर प्रस्तुत करें.

निर्धारित समय अवधि में उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में अथवा प्राप्त उत्तर संतोषजनक न पाये जाने की स्थिति में परिसमापन

की प्रस्तावित कार्यवाही की जायेगी.

यह कारण बताओ सूचना–पत्र मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से दिनांक 01 सितम्बर 2021 को जारी किया गया.

(G-574)

---

आदेश

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 18 (1) के अंतर्गत]

क्र.–परिसमापन–2021–इस कार्यालय का आदेश क्रं.–परिसमापन–2020–1057 सीहोर दिनांक 27 जून 2020 के द्वारा प्राथमिक मछुआ सहकारी संस्था मर्यादित मुबारकपुर माण्डली तह. आष्टा, जिला सीहोर जिसका पंजीयन क्रमांक 1682 दिनांक 22 दिसम्बर 2012 है, जो मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 69 के अन्तर्गत परिसमापन में लाया जाकर धारा 70 के अन्तर्गत श्री आ.एस. रैकवाल, सहकारी निरीक्षक को संस्था का परिसमापक नियुक्त किया गया था.

परिसमापक द्वारा समिति के परिसमापन की सम्पूर्ण कार्यवाही सम्पन्न करके पंजीयन निरस्त हेतु अंतिम प्रतिवेदन निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत किया गया है, जिसके साथ साधारण सभा की कार्यवाही विवरण, अंकेक्षित निरंक स्थिति विवरण पत्रक प्रस्तुत कर संस्था के पंजीयन निरस्त की अनुशंसा की गई है.

परिसमापक की उक्त कार्यवाही से मैं इस निष्कर्ष पहुंचा हूं कि संस्था का पंजीयन निरस्त किया जाना उचित है.

अतः मैं, भूपेन्द्र प्रताप सिंह, उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं, जिला सीहोर मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 18 (1) एवं मध्यप्रदेश सहकारिता विभाग भोपाल के आदेश क्रं. एफ–5–1–99–पन्द्रह–1 सी, दिनांक 29 जुलाई 1999 के प्रदत्त रजिस्ट्रार शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्राथमिक मछुआ सहकारी संस्था मर्यादित मुबारकपुर माण्डली तह. आष्टा, जिला सीहोर जिसका पंजीयन क्रं. 1682 दिनांक 22 दिसम्बर 2012 संस्था का निगम निकाय (बाडी कार्पोरेट) समाप्त करता हूं.

यह आदेश आज दिनांक 01 सितम्बर 2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया.

(G-575)

---

कारण बताओ सूचना–पत्र

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 69 (3) के अंतर्गत]

क्र.–परिसमापन--2021– मध्यप्रदेश सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 69 (2) (क) के अनुसार रजिस्ट्रार स्वप्रेरणा से किसी सोसायटी का परिसमापन किये जाने का निर्देश देते हुए आदेश कर सकेगा जहाँ उस सोसायटी ने अपने रजिस्ट्रीकरण के युक्तियुक्त समय के भीतर कार्य करना प्रारंभ नहीं किया हो अथवा जहाँ उस सोसायटी ने कार्य करना बंद कर दिया हो.

मां नर्मदा बीज उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित डिमावर, तहसील नसरूल्लागंज पंजीयन क्र. 1745, दिनांक 05 फरवरी 2014, इसके लेखा वर्ष 2018–19 के पारित आडिट नोट के अनुसार अकार्यशील है. इस प्रकार मां नर्मदा बीज उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित डिमावर तहसील नसरूल्लागंज में मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 69–2 (क) में वर्णित स्थिति निर्मित हो गई है. इस कारण संस्था को परिसमापन में लाया जाना आवश्यक हो गया है.

अतः मैं, भूपेन्द्र प्रताप सिंह, उप रजिस्ट्रार, सहकारी संस्थाएं, जिला, सीहोर, मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा 69(3) के अंतर्गत मां नर्मदा बीज उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित डिमावर, तहसील नसरूल्लागंज को परिसमापन में लाये जाने संबंधी प्रस्तावित आदेश के विरुद्ध कारण दर्शाने का युक्तियुक्त अवसर प्रदान करते हुए मां नर्मदा बीज उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित डिमावर, तहसील नसरूल्लागंज को 3 सप्ताह का समय प्रदान करता हूं. यह सहकारी संस्था 3 सप्ताह में इस कारण बताओ सूचना–पत्र का सप्रमाण उत्तर प्रस्तुत करें.

निर्धारित समय अवधि में उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में अथवा प्राप्त उत्तर संतोषजनक न पाये जाने की स्थिति में परिसमापन की प्रस्तावित कार्यवाही की जायेगी.

यह कारण बताओं सूचना–पत्र मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से दिनांक 01 सितम्बर 2021 को जारी किया गया.

भूपेन्द्र प्रताप सिंह, उप पंजीयक.

(G-576)

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित–2021.

इसे वेबसाइट **www.govtpress.nic.in** से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

# मध्यप्रदेश राजपत्र

## प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 40] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 1 अक्टूबर 2021—आश्विन 9, शक 1943

## भाग 3 (2)

### सांख्यिकीय सूचनाएं

(कुछ नहीं)



नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2021.